राज० पत्रिका
16 सितम्बर 2018 पृ.सं.13

स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

मालपुरा में अविकानगर संस्थान में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत करते संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर।

स्वच्छता की शपथ दिलाईः मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शनिवार को निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत करते वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत केन्द्रीय विद्यालय अविकानगर के विद्यार्थियों व अधिकारियों की ओर निकाली गई स्वच्छता रैली की शुरुआत की। संस्थान निदेशक ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। आस-पास का वातावरण स्वच्छ रहेगा तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। इस दौरान प्रभारी श्याम सिंह, पीआर सैल प्रभारी रमेश चन्द शर्मा मौजूद रहे।

राज० पत्रिका
16 सितम्बर-2018

'हिन्दी को दें प्राथमिकता'

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में गुरुवार को हिन्दी सप्ताह की शुरुआत हुई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव पशुपालन खेमराज चौधरी ने कहा कि हिन्दी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। लेकिन आज भी उसे वो सम्मान नहीं मिला है इसके लिए सभी लोगों को हिन्दी के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि सभी संस्थान के अधिकारियों को अपने कार्यालय में कार्य उपयोग में अधिकांश हिन्दी का प्रयोग करना चाहिए तथा अनुसंधान कार्य हिन्दी में करना चाहिए। इससे

किसानों तक अनुसंधान सरलता से पहुंच सके। संयोजक जगदीश प्रसादी मीणा ने सप्ताह के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का सन्देश प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार ने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में डॉ. ए. साहू, डॉ. राघवेन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अजय कुमार आर्य ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. अर्पिता महापात्रा ने किया।